AMAR UJALA

Page No. 07 (My City)

Date 09 FEB 2020

रिवर हाइट्स में लगेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन की रिवर हाइट्स फेज-2 में आज चिकित्सा शिविर का लाभ लोग ले सकते हैं।

AMAR UJALA FOUNDATION

अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आईटीएस डेंटल कॉलेज की टीम शिविर में मौजूद रहेगी और परामर्श के साथ इलाज की सुविधा भी चिकित्सक देंगे। यह शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा और इसका समापन दोपहर ढाई बजे किया जाएगा। दंत रोग और फिजियोथेरिपी से संबंधित समस्या होने पर शिविर में आकर चिकित्सकों से परामर्श लिया जा सकता है। दंत रोग विशेषज्ञ और फिजियोथेरिपी विशेषज्ञ जांच और उपचार के लिए शिविर में मौजूद रहेंगे।

AMAR UJALA

Page No.: 04 (my city) **Date: 10 FEB 20**

अच्छे स्वास्थ्य के लिए दांतों का निरोग होना बहुत जरूरी

अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत लगा शिविर

अमर उजाला व आईटीएस कॉलेज द्वारा लगाए गए कैंप में जांच करते डॉक्टर।

गाजियाबाद। अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन के रिवर हाइट्स सोसायटी में आईटीएस मुरादनगर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सोसायटी में रहने वाली महिलाओं और बच्चों ने अपने दांतों की जांच कराई। चिकित्सकों ने शिविर में आए लोगों को स्वस्थ शरीर के साथ दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स दिए।

अपराजिता 100 MILLION SMILES

शिविर में सोसायटी के कुल 180 लोग स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे, जिसमें से 132 लोगों के दांतों की जांच और 48 को फिजियोथेरेपी संबंधी परामर्श दिया गया। शिविर में 37 मरीजों के दांतों की सफाई हुई। 14 लोगों के दांतों में मसाला भरा। आठ लोगों का दांत खराब होने पर निकाला गया। डॉ. रितु गुप्ता व डॉ. शिवम अग्रवाल के नेतृत्व में शिविर संचालित किया गया। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को स्वस्थ दांतों के लिए टिप्स दिए। अनार्या ने कहा कि मेरे दांत में दर्द होता था। डॉक्टर ने जांच करने के बाद दवाई दी और कुछ भी खाने के बाद दांत साफ करने की सलाह दी।

इन डॉक्टर और स्टाफ ने की जांच : डॉ. शिवांगी, आशिमा, आरुषी, भूमिका, आसना, आरसी, तेजेंद्र, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सचिन त्यागी, आशीष चौधरी, संजीव, उमेश, रहमान आदि लोग स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित रहे।

पिछले कई दिनों से दांतों में दर्द था। शिविर में चिकित्सकों को दिखाया और परामर्श लिया।
- राजेश

सोसायटी में शिविर लगने का लाभ मिला। चिकित्सकों ने दांतों की देखभाल संबंधी जानकारी दी।
प्रियंका सिंह

ऐसे शिविर सोसायटी में समय-समय पर आयोजित होते रहें तो महिलाओं को इसका अधिक लाभ मिलेगा।
लता

रविवार सुबह सोसायटी में शिविर की जानकारी मिली। चिकित्सकों से दांतों की जांच भी कराई।
शिखा

इस तरह के आयोजन होने से उन लोगों को भी फायदा होता है जो इलाज कराने में लापरवाही करते हैं।
सोनम